संख्या-392/अरसठ-4-2026

प्रेषक,

यतीन्द्र कुमार,
विशेष सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1- निदेशक,
एस०सी०ई०आर०टी०,
उ०प्र० लखनऊ ।

2- सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उ०प्र० प्रयागराज ।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 29 मई, 2026

विषय- डी॰एल॰एड॰ (D.El.ed) प्रशिक्षण-2026 ऑनलाइन आवेदन, काउंसलिंग एवं चयन/प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ०प्र० प्रयागराज के पत्र संख्या-गोप/डी०एल०एड०-26/1926-29/2026-27 दिनांक 15-05-2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा डी॰एल॰एड॰ (D.El.ed) प्रशिक्षण-2026 ऑनलाइन आवेदन, काउंसलिंग एवं चयन/प्रवेश प्रक्रिया हेतु समय-सारिणी जारी किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि शासनादेश संख्या-1169/अरसठ-4-2025-2067/2013 दिनांक 12-11-2025 द्वारा डी॰एल॰एड॰ (D.El.ed) प्रशिक्षण 2025 एवं प्रशिक्षण सत्रों में ओनलाईन आवेदन एवं प्रवेश/चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त शासनादेश दिनांक 12-11-2026 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में डी॰एल॰एड॰ (D.El.ed) प्रशिक्षण 2026 की चयन/प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी।

3- डी०एल०एड० प्रशिक्षण-2026 चयन/प्रवेश प्रक्रिया की समय-सारिणी निम्नवत है :-

1	सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा आनलाईन आवेदन हेतु एकीकृत रूप से विज्ञापन प्रकाशित कराना	दिनांक 10 जून, 2026
2	आनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ करने/आवेदन शुल्क जमा करने की प्रारम्भ तिथि	दिनांक 15 जून, 2026 (अपरान्ह से)
3	आनलाईन रजिस्ट्रेशन करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 08 जुलाई, 2026
4	आनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की तिथि	दिनांक 09 जुलाई, 2026
5	ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर प्रिंट लेने की अंतिम तिथि	दिनांक 11 जुलाई, 2026
6	आवेदकों के मेरिट के आधार पर स्टेट रैंक प्रकाशन की तिथि	दिनांक 16 जुलाई, 2026
7	अभ्यर्थियों के वर्गवार/श्रेणीवार मेरिट के क्रम में राजकीय एवं निजी संस्थानों में आवंटित सीटों के सापेक्ष चयन हेतु (तीन चक्रों में) अभ्यर्थियों से संस्थान का विकल्प लेने एवं अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये	दिनांक 20 जुलाई, 2026 से 10 अगस्त, 2026 तक